Activities of Red Cross Unit
Session 2016-17

हमारे महाविद्यालय की रेड क्रास शाखा इण्डियन रेड क्रास सोसायटी, चंडीगढ़ से सम्बन्धित है। कॉलेज की रेड क्रास यूनिट गरीब और शारीरिक रूप से अक्षम छात्राओं को किताबें, गर्म कपड़े व फीस में छूट जैसी सुविधाएँ देती हैं।

सत्र के प्रारम्भ में अगस्त माह में ही एक मीटिंग ले कर छात्राओं को रेड क्रास के उद्देश्य और कार्यो की जानकारी दी गई। बाद में भी समय–समय पर मीटिंग ले कर सत्र के दौरान होने वाली गतिविधियों की जानकारी दी जाती रही। दाखिले के समय जुलाई माह में और बाद में नवम्बर के महीने में गरीब छात्राओं को रेड क्रास यूनिट द्वारा फीस में छूट दी गई। शारीरिक रूप से अक्षम छात्राओं को फीस के साथ–साथ किताबें भी दी गई।

दिनांक 8 अगस्त, 2016 को 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' विषय पर Awareness Programme का आयोजन किया गया, जिसके तहत 'Poster Making' प्रतियोगिता आयोजित की गई। भाग लेने वाली छात्राओं में से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया गया।

अगस्त माह के अन्त में दिनांक 29 अगस्त को एक दिवसीय First Aid Training Camp जगाया गया। रेड क्रास सोसायटी जींद से आए श्री ईश्वर सांगवान जी ने छात्राओं को फस्टे एड की ट्रेनिंग दी।

9 सितम्बर, 2016 को कॉलेज की रेड क्रास शाखा व जे सी आई क्लासिक, जींद के संयुक्त तत्वावधान में 'सुरक्षा दिवस' मनाया गया। इस कार्यक्रम में सिविल अस्पताल, जींद से आए डॉ राजेश भोला जी ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

26 व 27 सितम्बर, 2016 को कॉलेज की रेड क्रास शाखा द्वारा दो दिवसीय योगा कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रेनर सूर्यदेव आर्य जी ने योगाभ्यास करवाया। उन्होंने छात्राओं को योगा, मेडिटेशन व श्रेष्ठ आहार सम्बन्धी जानकारी भी दी।

3 अक्टूबर, 2016 को गाँधी जयन्ती उपलक्ष्य में 'स्वच्छता' विषय पर 'Slogan writing Camp' का आयोजन किया गया, जिसमें नितिशा काजल प्रथम, दीक्षा द्वितीय व समीना तृतीय स्थान पर रहीं

दिनांक 24 अक्टूबर, 2016 को कॉलेज की रेड क्रास शाखा द्वारा 'दंत चिकित्सा शिविर' लगाया गया। महाराजा अग्रसेन अस्पताल से आई दंत चिकित्यक डॉ अंकिता मित्तल ने छात्राओं के दॉतों की जाँच की।

जनवरी माह में रेड क्रास यूनिट की ओर से गरीब छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। सत्र के अन्त में 18 मार्च, 2017 को एक कार्यक्रम आयोजित करके विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाली छात्राओं को कॉलेज प्राचार्या डॉ अलका गुप्ता व रेड क्रास इंचार्ज डॉ पूनम मोर द्वारा पुरस्कृत भी किया गया।

Incharge
(Red Cross Cell)
(Dr. Punam Kajal)